आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस - 2022

21.06.2022

वन उत्पादकता संस्थान,रांची द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर दिनांक 21.06.2022 को संस्थान के सभागार में योगाचार्य श्री सुशीत बनर्जी एव उनके दल के मार्गदर्शन में संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधकर्मियों ने योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। सुश्री निकी शर्मा द्वारा योगासन एवं सुश्री सीमा राय द्वारा प्राणायाम का का अभ्यास कराया गया एवं प्रत्येक आसन एवं प्राणायाम का लाभ भी बताया गया। सुश्री सृष्टी राय एवं सुश्री एलाइसा तिर्की ने अभ्यासो का प्रदर्शन किया जिससे प्रतिभागियों में उर्जा का संचार देखा गया। इस कार्यक्रम में पर्यावर्णीय अनुसंधान केंद्र सुकना प. बंगाल वन अनुसंधान एवं प्रसार केंद्र, जदुआ, बिहार, वन अनुसंधान केंद्र मांडर एवं लाह बीज फार्म, चंदवा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी आभासीय मंच के माध्यम भाग लिया तथा योगाचार्यों के द्वारा कराये गये योगाभ्यास का पूर्ण लाभ उठाया।



योग दिवस के अवसर पर संस्थान के निदेशक डा.नितिन कुलकर्णी ने अपने संदेश में योग की व्याख्या करते हुये प्रतिभागियों से इसे अपने दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। उन्होने बताया कि अपने दिनचर्या में शामिल कर के सभी व्यक्तिगत रुप से काफी स्वास्थय लाभ पा सकते हैं। भारतीय ऋषि मुनियों द्वारा प्रतिपादित योग अब विश्व की दिनचर्या में शामिल हो चुका है। प्रत्येक आसन एव प्राणायाम का अपना महत्व है लेकिन इसका कुछ हिस्सा भी जीवन में शामिल कर लेने से रोगमुक्त रहा जा सकता है ।प्रतिभागियों से अपील करते हुए उन्होने कहा कि स्वयं के साथ परिवार के सद्स्यों को भी योग एवं प्राणायाम करने के लिए प्रेरित करें।

वन उत्पादकता संस्थान, रांची

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 2022

भारतीय ऋषि-मुनियों की देन हमारा योग एवं प्राणायाम आज विश्व के प्रत्येक देश अपने-अपने देश वासियों को योग करने की प्रेरणा दे रहे हैं तथा योग दिवस मनाकर इसे प्रचारित-प्रसारित कर रहे हैं। निदेशक ने अतिथि योगाचार्य द्वारा सिखाये गये आसनो को काफी उपयोगी बताया। सहयोगियों के साथ मिलकर योग का वातावरण बनाये इससे प्राप्त धनात्मक उर्जा से प्रत्येक आपके स्वास्थ्य के साथ कार्यों मे भी सुधार होगा, धन्यवाद ज्ञापन से पूर्व संस्थान के निदेशक एवं स.स.अनुसंधान के द्वारा योगाचर्यों को स्मृति चिन्ह एव शाल देकर सम्मानित किया गया।

समापन से पूर्व श्री बी.डी.पंडित ने अतिथि योगाचार्यो का धन्यवाद करते हुये सभी से योग करने की अपील की । कार्यक्रम में विस्तार प्रभाग के श्री एस.एन.बैद्य, श्री बी.डी.पंडित सूचना तकनीकी के श्री निसार आलम, श्री बसंत कुमार तथा सम्पदा प्रभाग के श्री मनीष कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 2022

वन उत्पादकता संस्थान, रांची

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)